(b) The production of crude oil during 1994-95 was 32.24 MMT as against 27.02 MMT in 1993-94 and 26,95 in 1992-93. During 1995-96 production of crude oil is estimated to be around 37 MMT which will be the highest recorded so far.

As a result of various conservation measures, it has been estimated that petroleum products of worth Rs. 1169.4 crores were saved dring 1994-95.

Several awards have been instituted to motivate various agencies to undertake oil conservation activities. The latest awards (1993-94) were given to Haldia, Barauni and Gauhati Refineries of IOC and HPCL's Bombay Refinery for energy conservation in refineries. The awards for diesel conservation were given to Andhra Pradesh State Transport Corporation and Cheran Transport Corporation, Tamil Nadu.

दरभंगा में टेलीफोन कनेक्शन

136. **श्री राम गोपाल यादव**: क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1994 से 1996 तक दंरभगा (बिहार) में टेलीफोन कनेक्शनों हेतु कुल कितने व्यक्तियों ने अपना नाम पंजीकृत कराया हैं;

(ख) वर्ष 1995 के दौरान लेवल कोड 06272 के अन्तर्गत कुल कितने टेलीफोन कनेक्शन दिये गये हैं; ओर

(घ) इस समय ऐसी कुल कितनी ग्राम पंचायतें हैं जिन्हें टेलीफोन कनेक्शन उपलब्ध करा दिये गये हैं और कितने टेलीफोन कार्य कर रहे हैं और कितने खराब पड़े हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही हैं और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

दक्षिण दिल्ली में चोरी के मामलों में मकान मालिकों की कथित अन्तर्ग्रस्तता

137.**श्री रामजी लाल**: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार को दक्षिण दिल्ली में मकान मालिकों अथवा उनके समर्थकों द्वारा किरायेदारों के क्लिनिकों में चोरी करवाये जाने के बारे में सांसदों और व्यक्तियों से कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(ख) सरकार / पुलिस द्वारा उनके संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की गई हैं अथवा कितने दोषी व्यक्तियों को दंडित किया गया हैं ; और

(ग) ऐसे मामलों मे कितने थाना प्रभारियों (एस. एच. ओज) के विरूद्ध जांच कराई गई हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो .एम. कामसन): (क) वर्ष 1995 और 1996 (15.21996तक) के दौरान गांव सैदुल्लाजब एम.बी. रोड़ , मेहरौली दिल्ली में स्थित डा.एम. एम. भारद्वाज के क्लिनिक से कुछ चीजों के चोरी हो जाने के बारे में श्री संतसिंह बाल, अतिरिक्त सत्र न्यायधीश , पटियाला हाउस., नई दिल्ली एवं अन्य के खिलाफ डा .भारद्वाज की शिकायत को अग्रेषित करते हुए चार सांसदों द्वारा भेजें गए पत्र दिल्ली पुलिस को प्राप्त हुए।

(ख) पुलिस द्वारा जांच करने पर चोरी का कोई अपराध होना साबित नहीं हुआ।

(ग) प्राप्त शिकायत पर, एस. एच. ओ. सहित किसी पुलिस अधिकारी के खिलाफ जांच की आवश्यकता नहीं थी।

नौवहन यातायात में यत्रियों की संख्या में कमी आना

138. **श्री नागमाणि** : क्या जल – भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)क्या यह सच हैं कि नौवहन यातायात का इस्तेमाल करने वाले यत्रियों की संख्या कम होती जा रही हैं

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं और इसके कारण हैं ; और

(ग) सरकार ने यातायात के उक्त साधन के तहत यात्रियों की संख्या में बढ़ोत्तरी करने हेतु क्या प्रयास किए हैं?

जल भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री एम. राजशेखर मूर्ति): (क) से (ग) जी नहीं,